## एक नजर में

### मोरटक्का पुल पर भारी वाहनों के आवागमन पर लगाया प्रतिबंध

**खरगोन।** श्रावण मास में श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा के मद्देनज़र अपर जिला दण्डाधिकारी ने मोरटक्का पुल पर भारी मालयान वाहनों के संचालन पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगा दिया है। आगामी श्रावण माह 11 जुलाई 2025 से प्रारंभ हो रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु महेश्वर, कसरावद, बड़वाह से ओंकारेश्वर में नर्मदा स्नान एवं दर्शन के लिए आते हैं। इस दौरान कावड़ यात्रा भी निकाली जाती है।

खरगोन-बड़वाह-इंदौर मार्ग अत्यंत व्यस्तम सड़क मार्ग है, जिस पर भारी और हल्के वाहनों का निरंतर आवागमन होता है। श्रद्धालुओं के निर्बाध परिवहन, सार्वजनिक सुरक्षा एवं सुविधा की दृष्टि से मोरटक्का पुल पर भारी वाहनों को प्रतिबंधित किया जाना अतिआवश्यक है। केन्द्रीय मोटरयान अधिनियम 1988 की धारा 115 तथा केन्द्रीय मोटरयान नियम 1994 के नियम 215 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए अपर जिला दंडाधिकारी ने यह आदेश जारी किया है। आदेश के अनुसार, आगामी आदेश तक मोरटक्का पुल पर भारी मालयान संचालित नहीं होगा। यह आदेश तत्काल प्रभावशील हो गया है।

### विश्व जनसंख्या दिवस पर कार्यक्रम आयोजित




**मंडलेश्वर।** म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निदेशाानुसार प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मण्डलेश्वर अखिलेश जोशी के मार्गदर्शन में विश्व जनसंख्या दिवस पर जिला चिकित्सालय खरगोन, देवी अहिल्या शासकीय उमावि क्रमांक 01 खरगोन, शासकीय उमावि क्रमांक 02 खण्डवा रोड़ खरगोन एवं बाल कल्याण समिति खरगोन में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित किया गया। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मण्डलेश्वर सुश्री प्रीति जैन ने विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर आमजनों से कहां कि हमारा उद्देश्य जनसंख्या की समस्यों पर जागृत करना है। भारतीय संविधान में प्रदत्त मूल अधिकारों के संरक्षण के लिए महिलाओं के लिए कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम, 2013 बनाया गया है। स्कूल के विद्यार्थियों को पास्को एक्ट की जानकारी देते हुए बताया कि यह कानून बालक और बालिका में भेद नहीं करता अर्थात यह कानून जेंडर न्यूट्रल है। सुश्री प्रीति जैन ने कहा कि नशा अपराध को जन्म देता है। ड्रग्स से जुड़े माफिया स्टुडेंट को उनके जाल में फॅसाने के लिए सस्ता नशा उपलब्ध कराते है ,इसलिए हम सभी को नशे से दूर रहना चाहिए। महिलाओं एवं बच्चों के अधिकारों के बारे में भी बताया गया तथा मोटर व्हीकल एक्ट के कानूनी प्रावधानों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई तथा नालसा की हेल्पलाईन नम्बर 15100, नालसा की जागृति योजना एवं ग्राम न्यायालयों में लगने वाली ग्राम न्यायालय के बारे में भी बताया गया। डॉ कुंदन सिसोदिया, जिला चिकित्सालय खरगोन ने भी विश्व जनंसख्या दिवस के अवसर पर जनसंख्या वृद्धि के दुष्प्रभावों के बारे में बताया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी खरगोन शैलेन्द्र कानूड़े, प्राचार्य महेश कुशवाह, लीगल एड डिफेंस अधिवक्ता निशा कौशल, जिला चिकित्सालय खरगोन का स्टॉफ, शिक्षक एम.एम.महाजन, शैलेन्द चोयल सहित शिक्षक और छात्र- छात्राएं उपस्थित रही।

### हथबनी पिस्टल के साथ पंजाब का युवक गिरफ्तार, दो पिस्टल बरामद



**खरगोन.** जिले में बने अवैध हथियारों की मांग पिछले कुछ माहों से पंजाब में अधिक नजर आ रही है, ऐसा इसलिए कि पुलिस कार्रवाई में ज्यादातर पंजाब के तस्कर, बदमाश अवैध हथियारों के साथ गिरफ्तार किए गए है। शुक्रवार को फिर एक युवक जिले में हथियार खरीदने के बाद पंजाब लौटते समय पुलिस के हत्थे चढ़ा है। पुलिस ने आरोपी ने 30 हजार रुपए कीमत की हथबनी पिस्टलें बरामद की है। थाना चैनपुर पुलिस से मिली जानकारी अनुसार 10 जुलाई मुखबिर से मिली सूचना पर मॉडल स्कूल के पास बायखेड़ा रोड़ पर निगरानी रखी गई। यहां पहुंचे संदिग्न ने पुलिस को देखते ही भागने का प्रयास किया, जिसे पीछा कर नर्सरी के समीप से पकड़ा गया। उसने अपना नाम बलजिन्द्रसिंह निवासी ग्राम जोहल तहसील खडुर थाना गोविन्दवाल जिला तरनतारन पंजाब का होना बताया। उसके पास मिले बेग की तलाशी लेने पर उसमें 02 देशी पिस्टल मिली। पूछताछ मे आरोपी ने सिगनूर के सिकलीगर से यह अवैध पिस्टल खरीदना बताया है। आरोपी को न्यायालय पेश किया जा रहा है। रिमान्ड लिया जाकर विस्तृत पूछताछ की जाएगी।

### प्रधान न्यायाधीश ने किया उपजेल का निरीक्षण



**कसरावद.** शुक्रवार को प्रधान न्यायाधीश महोदय मंडलेश्वर अखिलेश जोशी , सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मंडलेश्वर सुश्री प्रीति जेन मैडम , जिला विधिक सहायता अधिकारी चंद्रेश मंडलोई जी के द्वारा सब जेल कसरावद का निरीक्षण किया । बंदियों से भोजन , स्वास्थ्य, प्रकरण की स्थिति , विधिक सहायता आदि विषयों पर चर्चा कर समस्याएं पूछीं , किसी भी बंदी के द्वारा कोई समस्या नहीं बताई । महोदय के द्वारा बंदियों को विधिक सहायता संबंधी आवश्यक जानकारी दी । प्रधान न्यायाधीश महोदय एवं सचिव महोदया के द्वारा जेल परिसर में पौधारोपण किया गया । इस अवसर पर जेलर धर्मवीर सिंह उमरैया, पीएलवी अकील ख़ान एवं समस्त जेल स्टाफ उपस्थित रहे ।

# तगाई कॉलोनी में गुरू पूर्णिमा पर शिव साईश्वर महादेव का भव्य श्रृंगार

## देर रात तक चले दर्शन, गुरू पूर्णिमा के अवसर पर तगाई कॉलोनी खरगोन में साई स्वरूप में सजे शिव साईश्वर,



नवभारत न्यूज

**खरगोन। गुरू पूर्णिमा के पावन अवसर पर 10 जुलाई की रात्रि तगाई कॉलोनी, खरगोन में शिव साईश्वर महादेव का अनूठा और नयनाभिराम साईं स्वरूप में श्रंगार कर पूजन-अर्चन का आयोजन किया गया।**

श्रद्धा और भक्ति से ओतप्रोत इस आयोजन में कॉलोनीवासियों ने मिलकर भगवान शिव की अनुपम झांकी प्रस्तुत की, जिसने सभी श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। संध्या से लेकर देर रात्रि तक भक्तजन दर्शन के लिए आते रहे और विधिवत पूजा-अर्चना एवं पाठ करते रहे।

### नयनाभिराम झांकी में सजे शिव साईश्वर महादेव, भक्तों ने देर रात तक की आराधना

इस आयोजन में संतोष शर्मा, अजय गुप्ता, अतुल पाठक, मनोज गंगराडे, अभिषेक पाठक, रेवा पाटील सहित कॉलोनी के सभी निवासियों ने भगवान शिव के साईं स्वरूप में किए गए दिव्य श्रंगार का पूजन कर क्षेत्र में सुख-समृद्धि की कामना की। श्रद्धालु यश शर्मा ने बताया कि इस झांकी के दर्शन हेतु बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हुए और सभी ने मिलकर पाठ, भजन व भगवान की आरती कर आध्यात्मिक वातावरण को जीवंत बना दिया। इस भव्य आयोजन को सुंदर और दिव्य स्वरूप देने के लिए झांकी निर्माण में श्रुति शर्मा के नेतृत्व में ईशा, पारूल, चमक, दिशा और निमिशा ने मिलकर 5 घंटे से अधिक समय देकर शिव साईश्वर महादेव की झांकी सजाई। श्रुति शर्मा ने बताया कि गुरू पूर्णिमा जैसे पावन अवसर पर हम सभी ने मिलकर झांकी सजाने का संकल्प लिया और यह हमारे लिए सौभाग्य की बात है कि भगवान शिव के साईं स्वरूप को हम सबके सामने प्रस्तुत कर सके। इस आयोजन ने भक्तों के बीच अध्यात्म, श्रद्धा और सामाजिक एकता का संदेश प्रसारित किया। श्रद्धालुओं ने आयोजन समिति और सभी युवाओं के प्रयास की सराहना की और यह कामना की कि इस प्रकार की झांकियां हर वर्ष इसी भक्ति भाव के साथ आयोजित होती रहें।

# गुरुओं को किया नमन, स्कूल कॉलेजों में हुए सम्मान समारोह




नवभारत न्यूज

**मंडलेश्वर, निप्र।** महिष्मति में स्थित प्राचीन गुरुकुल के आचार्य मंडन मिश्र की कर्मभूमि मंडलेश्वर में गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर नगर की विभिन्न शासकीय और निजी संस्थाओं में गुरुओं के लिए सम्मान समारोह आयोजित किए गए।आचार्य मंडन मिश्र शासकीय महाविद्यालय में जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष रामदास शर्मा के मुख्य आतिथ्य और जिला विधिक सहायता अधिकारी के विशेष आतिथ्य में गुरु पर्व मनाया गया।

प्राचार्य डॉ मुकेश साठे वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो राजगुरु पाटीदार डॉ संतोष बर्डे प्रो चेतना सिद्धड सहित प्राध्यापकों का सम्मान विद्यार्थियों द्वारा किया गया।एक्सलेंट स्कूल मंडलेश्वर के विद्यार्थियों ने रैली निकालकर पर्यावरण जागरूकता का संदेश देते हुए नगर परिषद कार्यालय पहुंचकर पूर्व विधायक प्रतिनिधि रत्नदीप मायदेऔर कर्मचारियों को पौधे भेंट किए।पुलिस थाना मंडलेश्वर में टी आई दीपक यादव और एस डी एम कार्यालय में एस डी एम अनिल जैन को भी विद्यालय द्वारा पौधा भेंट किया।

शासकीय महात्मा गांधी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सेवानिवृत शिक्षक महेन्द्र पाटीदार का प्राचार्य जे के सोनी द्वारा सम्मान किया गया शिक्षक ए पी तिवारी , के पी एस तोमर, राकेश कुलश्रेष्ठ वरिष्ठ लेखक दुर्गेश राजदीप ,श्याम सुंदर डोंगरे सुधीर गोखले टीना यादव एवं कीर्ति शुक्ला ने गुरु की महिमा पर प्रकाश डाला ।कार्यक्रम में बच्चों से सामान्य ज्ञान के सवाल पूछकर उन्हें पुरस्कृत किया गया ।शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में भी गुरु पुर्णिमा पर बालिकाओं को मुख्य मंत्री के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाया गया ।प्राचार्य एस एस डावर शिक्षक संजय राज पाटीदार एवं दीपक चौबे द्वारा गुरु महिमा पर प्रकाश डाला गया।

### बच्चों को कानूनी जानकारी दी

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में जिला विधिक सहायता अधिकारी चंद्रेश मंडलोई द्वारा प्राचार्य उम्मेद सिंह पटेल संचालक विकास पाटीदार एवं शिक्षकों का सम्मान किया गया तथा बच्चों को कानूनी जानकारी दी गई।



## संकीर्तन एवं गुरू पूजन का आयोजन

**बिस्टान नि प्र ।** गुरु पूर्णिमा पर नगर में विशेष उत्साह रहा । श्री कृष्ण मंदिर चौक में स्थित कृष्ण मंदिर में विशेष आयोजन के तहत संकीर्तन एवं गुरु पूजन का आयोजन हुआ। जिसमें अनेक श्रद्धालु शामिल हुए । संत सिंगाजी भजन मंडली द्वारा भजन कीर्तन कर हलवे की प्रसादी बांटी गई । इस अवसर पर नारायण पाटिल, हीरालाल बागुल, मोतिया सिंधिया, तुलसीराम भील, राजाराम सोलंकी ,रेवाराम राठौर ,गबु पटेल, सहित उपस्थित रहे। जामली धाम के खाटू श्याम मंदिर पर भक्तों का ताता लगा । दर्शन पूजन और प्रसादी का वितरण हुआ । स्कूल मार्ग स्थित पूर्णानंद बाबा मंदिर पर कीर्तन हुए। महाप्रसादी बांटी गई । बिस्टान समीपस्त ग्राम उमरखली मैं राम मंदिर पर भी गुरु भक्तों ने गुरु पंडित विजय कुमार गीते गुरु का समान कर उनका आशीर्वाद लिया । श्रद्धालुओं द्वारा प्रसादी ग्रहण की । कई लोगों ने गुरु दीक्षा लेकर व्यसनों को छोड़ने का संकल्प लिया ।

# एक बगिया मां के नाम योजना के तहत होगा पौधारोपण

- **पौधरोपण के लिए जिला में होगा 3500 महिला हितग्राहियों का चयन**
- **जिले में किसानों के खेत पर पहली बार हाईटेक एवं सॉफ्टवेयर की मदद से किया जाएगा पौधारोपण**

नवभारत न्यूज

**खरगोन।** जिले में अब पारंपरिक तरीके से पौधरोपण नहीं होगा। सॉफ्टवेयर आधारित और हितग्राहीमूलक प्रणाली लागू कर दी है। अब एक बगिया मां के नाम नामक एप के जरिए ही पात्र हितग्राहियों का चयन होगा और उन्हे ही सीधे भुगतान मिलेगा। मनरेगा और राज्य अजीविका मिशन द्वारा इस अभियान को संयुक्त रूप से क्रियान्वित किया जाएगा। चयनित हितग्राही खुद पौधा एवं खाद खरीदेगा और तय तकनीकी मापदण्डों पर खरा उतरने के बाद प्रमाणिक बिल के आधार पर उसे मनरेगा से प्रत्यक्ष भुगतान कर दिया जावेगा।

कलेक्टर सुश्री भव्या मित्तल ने एक बगिया मां के नाम के तहत खरगोन जिले की भौगोलिक स्थिति एवं किसानों को जागरुकता को देखते हुए 3500 महिला किसानों के चयन के निर्देश दिए गए। किसानों के चयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए मनरेगा योजना के अलावा राज्य आजीविका मिशन, कृषि विभाग एवं उद्यान विभाग को निर्देशित किया गया है। कलेक्टर सुश्री मित्तल ने एक बगिया मां के नाम अभियान के तहत जिले की सभी जनपद पंचायत विभागों को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए निर्धारित लक्ष्य के अनुसार पात्र महिला किसानों का चयन करने और उनकी जानकारी गूगल शीट में दर्ज कराने के निर्देश दिए गए हैं। इस अभियान की डेली प्रोग्रेस की नियमित समीक्षा की जाएगी।

पौधरोपण के लिए SIPRi software का उपयोग किया जाएगा। इस सॉफ्टवेयर के माध्यम से प्रत्येक किसान के खेत में पौधों की प्रजाति व समय के अनुसार पौधारोपण को पूर्ण कराया जाएगा। तकनीकी आधारित कियान्वयन और जमीनी बदलाव की ठोस दिशा में कदम है। एक बगिया मां के नाम कार्यक्रम में एक एकड़ में तार फेंसिंग का काम कृषकों को पहले पूर्ण करना होगा, इसका सत्यापन के उपरांत की पौधरोपण किया जाएगा।

इस बार महिलाओं को अभियान में अग्रणी भूमिका देने की योजना है। विशेषकर आजीविका मिशन की महिला सदस्य जो अपनी या परिजनों की भूमि पर फलोद्यान लगाना चाहती है, उन्हे प्राथमिकता दी जाएगी।

## प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत पात्र हितग्राहियों का गृह-प्रवेश एवं स्वीकृति पत्र प्रदान किए

**खरगोन।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में 11 जुलाई को इन्दौर में स्थित ब्रिलिएंट कन्वेंशन सेंटर में आयोजित ''मध्यप्रदेश ग्रोथ कॉन्क्लेव'' कार्यक्रम का सीधा प्रसारण नगरपालिका परिषद खरगोन कार्यालय भवन में स्थित सभाकक्ष में किया गया। कार्यक्रम में शासन के निर्देशानुसार खरगोन शहर में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 1.0 अंतर्गत पात्र हितग्राहियों का आवासों में गृह-प्रवेश एवं प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 अंतर्गत नवीन स्वीकृत आवासों के पात्र हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती छाया अरूण जोशी एवं उपाध्यक्ष श्री भोलू कर्मा द्वारा प्रदान किए गए। कार्यक्रम में पार्षदगण सर्वश्री जगन्नाथ सांवले, श्री संतोष वर्मा,




## विद्यार्थियों को वितरित किए स्कूल बैग

नवभारत न्यूज

**बिस्टान निप्र।** नगर की संस्था ने 1 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शासकीय प्राथमिक विद्यालय गोपालपुरा के छात्र छात्रों को नि:शुल्क बस्ते वितरित कर उन्हें स्कूल रोजाना आने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से यह आयोजन किया। जिसमें नगर परिषद बिस्टान के अध्यक्ष डेमसिंग नॉर्वे, पार्षद प्रहलाद सिंग वास्कले, पार्षद प्रतिनिधी प्रेमलाल मोरे सहित समाजसेवी राजू कोल्या, आकाश ठाकुर, गोरेलाल वास्कले, सहित संस्था के अध्यक्ष हीरालाल यादव उपाध्यक्ष राहुल सोनी, नरेंद्र गोले, प्रंबंधक दिनेश सोनी व विद्यालय की शिक्षिका मीना सोनी सहित स्टाफ मौजूद था।

इस अवसर पर राहुल सोनी ने बच्चों को उद्बोधित करते हुए कहा कि समय का सम्मान करना सीखें समय से विद्यालय आना, होमवर्क समय से करके लाना साथ ही अपने सहपाठी को स्कूल साथ लाने का प्रयास करे। डेमसिंग नार्वे ने भी बच्चों को को सम्बोधित किया और कहा कि आप देश के भविष्य हो आप पढ़ लिखकर आगे बढ़ो और अपने नगर और देश का मान बढ़ाओ। आभार नरेंद्र गोले ने माना।

## कलेक्टर ने की शिक्षा विभाग से जुड़ी विभिन्न बिन्दुओं पर गहन समीक्षा

नवभारत न्यूज

**खरगोन।** कलेक्टर सुश्री भव्या मित्तल की अध्यक्षता में 11 जुलाई के कलेक्ट्रेट सभाग्रह में जिले में संचालित महाविद्यालयीन नोडल प्राचार्य एवं जनजातीय कार्य विभाग, सर्वशिक्षा अभियान एवं शिक्षा विभाग के छात्रावास/आश्रम के नियुक्त निरीक्षणकर्ता नोडल अधिकारी एवं अधीक्षिक व अधीक्षिकाओं की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में कलेक्टर सुश्री मित्तल द्वारा महाविद्यालयीन पोस्ट मैटिक छात्रवृत्ति के एमपी टॉस पोर्टल पर अनुसूचित जाति, जनजाति एवं पिछडा वर्ग के छात्र-छात्राओ के लंबित आवेदन को तत्काल वेरिफाई करने के संबंध मे निर्देश दिये गये। इस दौरान उन्होंने कहा कि जिन विद्यार्थियो के बैंक खाते आधार से लिंक नही है उन्हें तत्काल बैंक से संपर्क कर खाते आधार से लिंक कराएं जाए।

बैठक में कलेक्टर सुश्री मित्तल ने जिले में सचांलित 100 प्लस छात्रावास व आश्रमों के निरीक्षणकर्ता नोडल अधिकारी एवं अधीक्षकों भी रिक्त सीट पर तत्काल प्रवेश दिये जाने के निर्देश दिये गये। इस दौरान उन्होंने कहा कि निरीक्षण कर्ता को निरीक्षण के दौरान छात्रावास व आश्रमों में आरओ, फ्रिज, गीजर, किचन गार्डन, स्टेडी रूम तथा कक्षों में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था देखने के निर्देश दिये। उन्होंने प्रत्येक में छात्रावास व आश्रमों में सीसी टीव्ही कैमरे अनिवार्य रूप से लगे होकर चालू हालत में रहे।

**एक नजर में** | **जीआरव्हाय इंस्टिट्यूट के रासेयो स्वयंसेवकों ने ग्राम भनगांव में वृक्षारोपण किया**

# रासेयो स्वयंसेवकों ने गांव में लगाए 60 पौधे

नवभारत न्यूज

**खरगोन।** जी.आर.व्हाय. इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मेसी, बोरावां की राष्ट्रीय सेवा योजना (ह्स्स्) इकाई द्वारा शुक्रवार को एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत ग्राम भनगांव में वृक्षारोपण एवं जल संरक्षण पर केंद्रित विशेष पर्यावरणीय कार्यक्रम आयोजित किया गया । इस एक दिवसीय शिविर में संस्था के 50 स्वयंसेवकों ने भाग लेकर पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी का परिचय दिया।




कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, जैव विविधता को प्रोत्साहित करना और युवाओं में प्रकृति के प्रति चेतना विकसित करना रहा। इस अवसर पर स्वयंसेवकों और शिक्षकों द्वारा नीम, पीपल, आम, गुलमोहर सहित 60 छायादार और औषधीय पौधों का रोपण किया गया। विद्यार्थियों ने गड्ढों की खुदाई, पौधों की सिंचाई एवं संरक्षण में सक्रियता से भाग लेते हुए अनुकरणीय कार्य किया।

**बोरावां के फार्मेसी छात्रों ने 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान में दिखाया समर्पण, जल संरक्षण में भी निभाई भूमिका :** कार्यक्रम की दूसरी महत्वपूर्ण कड़ी रही जल संरक्षण। स्वयंसेवकों ने गांव के पास बहने वाली वेदा नदी में गाद एवं नालों की सफाई कर जलधाराओं को पुन: सक्रिय करने का प्रयास किया। यह कार्य वर्षाजल के संचयन, भूजल स्तर बनाए रखने और स्थानीय पारिस्थितिकी तंत्र को सशक्त करने के उद्देश्य से किया गया, जिससे आने वाले वर्षों में स्थायी लाभ मिल सके।

इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय कृषि राज्यमंत्री श्री अरुण यादव ने संदेश में कहा : वृक्ष हमारे जीवन का आधार हैं। पर्यावरण की रक्षा करना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। एनएसएस इकाई द्वारा किया गया यह कार्य निश्चित रूप से समाज के लिए प्रेरणादायक है। मैं सभी स्वयंसेवकों और फॉर्मेसी संस्थान को बधाई देता हूं साथ ही आशा करता हूं कि इस प्रकार के प्रयास लगातार जारी रहेंगे।

### देखभाल की शपथ दिलाई

कार्यक्रम के अंत में पर्यावरणीय जिम्मेदारी की शपथ दिलाई गई और सभी ने भविष्य में ऐसे प्रयासों को निरंतर जारी रखने का संकल्प लिया। प्राचार्य डॉ. सुजीत पिल्लई के निर्देशन में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती मोहिनी पाटीदार, डॉ. निखलेश बिरला व आयुषी पाटुद द्वारा कार्यक्रम का संचालन एवं संपादन किया गया।